# HINDI
## Paper - II

Signature of Invigilators

1. ........................................

2. ........................................

**Dec-08/05**

Roll No. [ ][ ][ ][ ][ ]

(In figures as in Admit Card)

Roll No. ................................

................................................

(in words)

Name of the Areas/Section (if any) ........................

**Time Allowed : 75 Minutes]** **[Maximum Marks : 100**

---

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **fifty (50)** multiple choice type questions. **All** questions are compulsory.
3. Each item has upto four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). The answer should be a capital letter for the selected option. The answer letter should entirely be contained within the corresponding square.

   Correct method [A] Wrong method [A] OR [A]

4. Your responses to the items for this paper are to be indicated on the ICR Answer Sheet under Paper II only.
5. Read instructions given inside carefully.
6. Extra sheet is attached at the end of the booklet for rough work.
7. You should return the test booklet to the invigilator at the end of paper and should not carry any paper with you outside the examination hall.

**પરીક્ષાર્થીઓ માટે સૂચનાઓ :**

૧. આ પાનાની ટોચમાં દર્શાવેલી જગ્યામાં તમારો રોલનંબર લખો.

૨. આ પ્રશ્નપત્રમાં બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવતા કુલ **પચાસ (૫૦)** પ્રશ્નો આપેલા છે. **બધા જ** પ્રશ્નો ફરજિયાત છે.

૩. પ્રત્યેક પ્રશ્ન વધુમાં વધુ ચાર બહુવૈકલ્પિક ઉત્તરો ધરાવે છે. જે (A), (B), (C) અને (D) વડે દર્શાવવામાં આવ્યા છે. પ્રશ્નનો ઉત્તર કેપીટલ સંજ્ઞા વડે આપવાનો રહેશે. ઉત્તરની સંજ્ઞા આપેલ ખાનામાં બરાબર સમાઈ જાય તે રીતે લખવાની રહેશે.

   ખરી રીત : [A] ખોટી રીત : [A] , [A]

૪. આ પ્રશ્નપત્રના જવાબ આપેલ ICR Answer Sheet ના Paper II વિભાગની નીચે આપેલ ખાનાઓમાં આપવાના રહેશે.

૫. અંદર આપેલ સૂચનાઓ કાળજીપૂર્વક વાંચો.

૬. આ બુકલેટની પાછળ આપેલું પાનું રફ કામ માટે છે.

૭. પરીક્ષા સમય પૂરો થઈ ગયા પછી આ બુકલેટ જે તે નિરીક્ષકને સોંપી દેવી. કોઈપણ કાગળ પરીક્ષા ખંડની બહાર લઈ જવો નહીં.

# HINDI
## PAPER - II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**નોંધ :** આ પ્રશ્નપત્રમાં **પચાસ (૫૦)** બહુવિકલ્પીય પ્રશ્નો છે. દરેકના **બે** ગુણ છે. બધા જ પ્રશ્નોના જવાબ આપો.

---

1. खड़ी बोली का संबंध किस अपभ्रंश से माना जाता है ?

(A) शौरसेनी (B) मागधी

(C) अर्धमागधी (D) पैशाची

2. 'राम सों बड़ो है कौन, मोंसो कौन छोटो' किस बोली से संबद्ध है ?

(A) अवधी (B) ब्रज

(C) भोजपुरी (D) खड़ी बोली

3. हिन्दी के स्पर्श व्यंजन उच्चारण की दृष्टि से कितने वर्गों में बँटे हैं ?

(A) आठ (B) सात

(C) छः (D) पाँच

4. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है ?

(A) 363 (B) 353

(C) 333 (D) 343

5. राजभाषा-नीति के अनुपालन की संस्थाएँ कौनसी हैं ?

(*a*) केन्द्रीय हिन्दी समिति (*b*) हिन्दी सलाहकार समितियाँ

(*c*) नागरी प्रचारिणी सभा (*d*) केन्द्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति

इनमें से सही विकल्प कौनसा है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*b*), (*c*), (*d*)

(C) (*a*), (*b*), (*d*) (D) (*a*), (*c*), (*d*)

6. हिन्दी को बढ़ावा देने वालों में गुजरात से संबद्ध व्यक्तित्व कौन हैं ?

(*a*) महात्मा गाँधी (*b*) लल्लू लाल

(*c*) सदल मिश्र (*d*) दयानंद सरस्वती

इनमें से सही विकल्प कौनसा है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*b*), (*c*), (*d*)

(C) (*a*), (*c*), (*d*) (D) (*a*), (*b*), (*d*)

7. सही अनुक्रम कौनसा है ?

(A) हिन्दी साहित्य की भूमिका–हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास–हिन्दी साहित्य का इतिहास–हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास

(B) हिन्दी साहित्य का इतिहास–हिन्दी साहित्य की भूमिका–हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास–हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास

(C) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास–हिन्दी साहित्य की भूमिका–हिन्दी साहित्य का इतिहास–हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास

(D) हिन्दी साहित्य का इतिहास–हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास–हिन्दी साहित्य की भूमिका–हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास

8. निम्नलिखित रसों के सही स्थायी भावों का सुमेलन कीजिये :

(*a*) रौद्र 1. जुगुप्सा

(*b*) शृंगार 2. उत्साह

(*c*) वीर 3. रति

(*d*) वीभत्स 4. क्रोध

5. हास्य

इनमें से सही विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 5 |
| (B) | 2 | 4 | 5 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

9. 'हिन्दी साहित्य का अतीत' के लेखक कौन हैं ?

(A) आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (B) डॉ. बच्चन सिंह

(C) डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी (D) डॉ. विश्वनाथ त्रिपाठी

10. निम्नलिखित शब्दों में देशज शब्द कौनसा है ?

(A) वृक्ष (B) पेड़

(C) रूख (D) तरु

11. 'चाय' किस भाषा से आगत शब्द है ?

(A) जापानी (B) चीनी

(C) पुर्तगाली (D) फारसी

12. हिन्दी की कौनसी क्रियाओं में लिंगभेद **नहीं** है ?

(*a*) आज्ञार्थ (*b*) विधेयार्थ

(*c*) संभावनार्थ (*d*) क्रियार्थक

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*b*), (*c*), (*d*)

(C) (*a*), (*c*), (*d*) (D) (*a*), (*b*), (*d*)

13. निम्नलिखित संस्थाओं का सही कालक्रम कौनसा है ?

(A) हिन्दी साहित्य सम्मेलन—नागरी प्रचारिणी सभा—राष्ट्रभाषा प्रचार समिति—दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

(B) नागरी प्रचारिणी सभा—हिन्दी साहित्य सम्मेलन—राष्ट्रभाषा प्रचार समिति—दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

(C) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति—नागरी प्रचारिणी सभा—हिन्दी साहित्य सम्मेलन—दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा

(D) दक्षिण भारत प्रचार सभा—राष्ट्रभाषा प्रचार समिति—नागरी प्रचारिणी सभा—हिन्दी साहित्य सम्मेलन

14. विद्यापति ने 'देसी बयना सब जन मिट्ठा' किस भाषा के लिए कहा है ?

(A) मैथिली (B) अवहट्ट

(C) मगही (D) भोजपुरी

15. भक्ति के उदय का एक प्रमुख कारण 'दासता' रहा है, किसने माना है ?

(A) मिश्रबंधु (B) रामचंद्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) डॉ. नगेन्द्र

16. सचेतन कहानी आंदोलन के प्रवर्तक कौन हैं ?

(A) राकेश वत्स (B) ज्ञानरंजन

(C) कमलेश्वर (D) महीप सिंह

17. निम्नलिखित आंदोलनों का सही कालक्रम कौनसा है ?

(A) नयी कहानी—समानांतर कहानी—सक्रिय कहानी—अकहानी

(B) नयी कहानी—सक्रिय कहानी—अकहानी—समानांतर कहानी

(C) नयी कहानी—अकहानी—सक्रिय कहानी—समानांतर कहानी

(D) नयी कहानी—समानांतर कहानी—अकहानी—सक्रिय कहानी

18. 'हिन्दी साहित्य का आधा इतिहास' किसने लिखा है ?

(A) प्रभा खेतान (B) मैत्रेयी पुष्पा

(C) डॉ. सुमन राजे (D) निर्मला जैन

19. निम्नलिखित महाकाव्यों के विकास का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) प्रियप्रवास—कामायनी—साकेत—उर्वशी

(B) उर्वशी—प्रियप्रवास—कामायनी—साकेत

(C) साकेत—प्रियप्रवास—उर्वशी—कामायनी

(D) प्रियप्रवास—साकेत—कामायनी—उर्वशी

20. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त उपन्यास कौनसा है ?

(A) मुझे चाँद चाहिए (B) नीला चाँद

(C) अंतिम अरण्य (D) तमस

21. 'स्त्री उपेक्षिता' नाम से 'दस सेकेंड सेक्स' का अनुवाद किसने किया है ?

(A) अज्ञेय (B) निर्मल वर्मा

(C) राजेन्द्र यादव (D) प्रभा खेतान

22. ग्राम जीवन पर लिखे उपन्यासों का सही कालक्रम क्या है ?

(A) मैला आँचल—आधा गाँव—अलग अलग वैतरणी—जल टूटता हुआ

(B) मैला आँचल—अलग अलग वैतरणी—आधा गाँव—जल टूटता हुआ

(C) मैला आँचल—जल टूटता हुआ—आधा गाँव—अलग अलग वैतरणी

(D) मैला आँचल—अलग अलग वैतरणी—जल टूटता हुआ—आधा गाँव

23. 'व्यास सम्मान' से विभूषित रचनाकारों का उनकी रचनाओं से सुमेलन कीजिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | शिवप्रसाद सिंह | 1. | कथा सतीसर |
| (*b*) | चित्रा मुद्‌गल | 2. | आँवा |
| (*c*) | चन्द्रकांता | 3. | नीला चाँद |
| (*d*) | परमानंद श्रीवास्तव | 4. | कविता का अर्थात |
| | | 5. | अलग अलग वैतरणी |

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (D) | 5 | 3 | 2 | 1 |

24. राधा के जीवन पर लिखी काव्यकृति कौनसी है ?

(A) सूरसागर

(B) बिहारी सतसई

(C) प्रियप्रवास

(D) चिदम्बरा

25. 'धर्मयुग' के यशस्वी संपादक कौन हैं ?

(A) मनोहर श्याम जोशी

(B) धर्मवीर भारती

(C) महावीर अधिकारी

(D) अज्ञेय

26. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी रंगमंच के प्रमुख निर्माता कौन हैं ?

(*a*) हबीब तनवीर
(*b*) ब. व. कारंत
(*c*) श्यामानंद जालान
(*d*) पृथ्वीराज कपूर

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*c*), (*d*)
(B) (*b*), (*c*), (*d*)
(C) (*a*), (*b*), (*d*)
(D) (*a*), (*b*), (*c*)

27. प्रभा खेतान के उपन्यास कौनसे हैं ?

(*a*) तालाबंदी
(*b*) छिन्नमस्ता
(*c*) पीली आँधी
(*d*) तिरोहित

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*b*), (*d*)
(B) (*a*), (*b*), (*c*)
(C) (*a*), (*c*), (*d*)
(D) (*b*), (*c*), (*d*)

28. 1857 की राज्यक्रांति को 'क्रांति' के रूप में कहने का श्रेय किसे प्राप्त है ?

(A) कार्ल मार्क्स
(B) गार्सा द तासी
(C) माउंटबेटन
(D) लॉर्ड क्लाइव

29. कालिदास के जीवन पर लिखा नाटक कौनसा है ?

(A) लहरों के राजहंस
(B) आठवाँ सर्ग
(C) शकुंतला की अँगूठी
(D) एक कण्ठ विषपायी

30. समस्यामूलक नाटककार के रूप में विख्यात कौन हैं ?

(A) सेठ गोविन्ददास
(B) उपेन्द्रनाथ अश्क
(C) लक्ष्मीनारायण मिश्र
(D) लक्ष्मीनारायण लाल

31. 'मानसरोवर' कितने भागों में सुलभ है ?

(A) छः
(B) सात
(C) आठ
(D) दस

32. गुजरात पर लिखा उपन्यास कौनसा है ?

(A) पहला गिरमिटिया (B) दूसरा घर

(C) आखिरी पड़ाव (D) पाँच आँगनों वाला घर

33. रामचरितमानस के निम्नलिखित काण्डों का सही अनुक्रम क्या है ?

(A) किष्किंधा काण्ड—सुंदर काण्ड—अरण्य काण्ड—लंका काण्ड

(B) सुंदर काण्ड—किष्किंधा काण्ड—अरण्य काण्ड—लंका काण्ड

(C) किष्किंधा काण्ड—सुंदर काण्ड—लंका काण्ड—अरण्य काण्ड

(D) अरण्य काण्ड—किष्किंधा काण्ड—सुंदर काण्ड—लंका काण्ड

34. साम्प्रदायिकता पर लिखे उपन्यास कौनसे हैं ?

(*a*) आधा गाँव (*b*) हमारा शहर उस बरस

(*c*) लेकिन दरवाजा (*d*) छाको की वापसी

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*b*), (*c*), (*d*)

(C) (*a*), (*b*), (*d*) (D) (*a*), (*c*), (*d*)

35. फिल्म-संसार पर आधारित रचनाएँ कौनसी हैं ?

(*a*) सीन-75 (*b*) हमज़ाद

(c) रात का रिपोर्टर (*d*) मुझे चाँद चाहिए

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*b*), (*c*), (*d*)

(C) (*a*), (*c*), (*d*) (D) (*a*), (*b*), (*d*)

36. 'वैश्वानर' के लेखक कौन हैं ?

(A) शिवप्रसाद सिंह (B) अज्ञेय

(C) जैनेन्द्र कुमार (D) निर्मल वर्मा

37. निम्नलिखित वादों का उनके चिंतकों के साथ सुमेलन कीजिये :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | संरचनावाद | 1. | क्रोचे |
| (*b*) | विखंडनवाद | 2. | सार्त्र |
| (*c*) | अभिव्यंजनावाद | 3. | फ्रेदिनाद सस्यूर |
| (*d*) | अस्तित्ववाद | 4. | कॉलरिज |
| | | 5. | जैकिएस देरिदा |

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 1 | 5 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 5 | 1 | 2 |

38. कालक्रम के अनुसार निम्नलिखित संप्रदायों का कौनसा विकास सही है ?

(A) रीति सम्प्रदाय—ध्वनि सम्प्रदाय—वक्रोक्ति सम्प्रदाय—औचित्य सम्प्रदाय

(B) ध्वनि सम्प्रदाय—रीति सम्प्रदाय—वक्रोक्ति सम्प्रदाय—औचित्य सम्प्रदाय

(C) वक्रोक्ति सम्प्रदाय—रीति सम्प्रदाय—ध्वनि सम्प्रदाय—औचित्य सम्प्रदाय

(D) रीति सम्प्रदाय—वक्रोक्ति सम्प्रदाय—ध्वनि सम्प्रदाय—औचित्य सम्प्रदाय

39. उत्तर संरचनावाद की प्रमुख पहचान कौनसी हैं ?

(*a*) संरचनावाद का अगला चरण है (*b*) प्रवर्त्तन सातवें दशक में हुआ

(*c*) प्रवर्त्तक हैं जैकिएस देरिदा (*d*) जन्म-स्थान है—रूस

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

(A) (*a*), (*b*), (*c*) (B) (*a*), (*c*), (*d*)

(C) (*b*), (*c*), (*d*) (D) (*a*), (*b*), (*d*)

40. जिसके मन में प्रेम पैदा हुआ, उसे रस की भाषा में क्या कहते हैं ?

(A) आलम्बन (B) आश्रय

(C) साधारण धर्म (D) अनुभाव

41. 'सुबरन को खोजत फिरत कवि–व्यभिचारी– चोर' में कौनसा अलंकार है ?

(A) यमक (B) रूपक

(C) श्लेष (D) भ्रांतिमान

42. 'काव्य मीमांसा' किस आचार्य की कृति है ?

(A) भोजराज (B) क्षेमेन्द्र

(C) राजशेखर (D) अप्पय दीक्षित

43. फंतासी प्रधान कविता कौनसी है ?

(A) ब्रह्मराक्षस (B) आत्महत्या के विरुद्ध

(C) नाटक जारी है (D) मोचीराम

44. प्रतीक प्रधान कविता कौनसी है ?

(A) भिक्षुक (B) परिवर्तन

(C) पुष्प की अभिलाषा (D) नदी के द्वीप

45. 'विशिष्टा पद रचना रीतिः' किसकी उक्ति है ?

(A) कुंतक (B) भामह

(C) वामन (D) आनंदवर्धन

46. संस्कृत आचार्यों में साधारणीकरण की चर्चा सबसे पहले किसने की ?

(A) आचार्य भरत (B) भट्ट लोल्लट

(C) महिम भट्ट (D) भट्टनायक

47. तात्पर्या शब्दशक्ति की चर्चा किसने की ?

(A) वामन (B) कुंतक

(C) धनंजय (D) अभिनव गुप्त

48. 'स्फोटवाद' का संबंध किससे है ?

(A) रस (B) ध्वनि

(C) अलंकार (D) रीति

49. 'अजनबीपन' की अवधारणा किस उपन्यास में है ?

(A) त्यागपत्र (B) अपने अपने अजनबी

(C) पाही घर (D) जुलूस

50. मिथक प्रधान रचना कौनसी है ?

(A) एक पीली शाम (B) कुकुरमुत्ता

(C) संशय की एक रात (D) आँसू

## ROUGH WORK